C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
4.5.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी पति सुरक्षित कराएं।

उत्तर भारत में भीषण रेतीला तूफान, 65 लोगों की मौत, कई घायल

आगरा/जयपुर(आरएनएस)। राजस्थान और पश्चिमी यूपी समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में बुधवार शाम को आए रेतीले तूफान में अब तक कम से कम 65 लोगों की मौत हो गई है और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए हैं। आंधी से शाम को पारा 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण आए इस भीषण तूफान ने आम जनजीवन को तहस-नहस कर दिया। इसके अलावा पंजाब के भी कुछ इलाकों में तूफान की वजह से लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने पश्चिमी यूपी के 6 जिलों में 44 लोगों के मौत की पुष्टि की है। इनमें से 36 लोगों की मौत अकेले आगरा में हुई है। इसके अलावा बिजनौर में 3, सहारनपुर में 2, चित्रकूट,

रायबेरली और बरेली में 1-1 व्यक्ति की मौत तूफान की चपेट में आने से हो गई। वहीं कानपुर देहात में भी दो लोगों की मौत की खबर है। उधर, यूपी के राजस्व और राहत आयुक्त संजय कुमार ने कहा है कि मरने वालों की संख्या अभी बढ़ सकती है।

उन्होंने बताया कि आगरा तूफान से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। संजय ने कहा कि सभी प्रभावित लोगों को 24 घंटे के अंदर राहत सामग्री मुहैया करायी जाएगी। बताया जा रहा है कि 150 से अधिक पशुओं की भी आंधी से मौत हुई है। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 24 घन्टे में 4 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल लोगों को 50 हजार रुपए की सहायता देने के निर्देश दिए गए हैं। उधर, राजस्थान के बीकानेर, भरतपुर, अलवर और धौलपुर में तूफान से सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। तूफान की गति करीब 135 किमी प्रतिघंटा थी। इससे इन जिलों में सैंकड़ों पेड़ और बिजली के पोल उखड़ गए। चूरू, पिलानी, दौसा और झुंझनूं में ओलावृष्टि भी हुई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अगले 48 घंटे में प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश, अंधड़ और लू चल सकता है।

तूफान से क्षतिग्रस्त कार

राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी तेज हवाएं चलीं और कई इलाकों में बूंदाबादी हुई। हालात को देखते हुए प्रशासन ने सभी जिलों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफके जवानों को तैनात कर दिया है।

एक नजर.....

शोपियां में आतंकियों और सुरक्षाबलों में मुठभेड़

क्रॉस फायरिंग में युवक की मौत, झड़प में 12 घायल

श्रीनगर (आरएनएस)। शोपियां के तुरकवांगाम में बुधवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ के दौरान क्रॉस फायरिंग की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। इस दौरान आतंकी समर्थक पत्थरबाजों ने सुरक्षाबलों पर जमकर पथराव किया। हिंसक झड़पों में 12 लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन को गोली लगी है। इस बीच, सुरक्षाबलों ने आतंकियों के भागने के सभी रास्ते बंद करते हुए अभियान जारी रखा हुआ है। हालात को देखते हुए प्रशासन ने शोपियां और पुलवामा में इंटरनेट सेवाओं को अगले आदेश तक बंद कर दिया है। मारे गए युवक की पहचान उमर कुमार निवासी पिंजौरा (शोपियां) के रूप में हुई है। गंभीर रूप से दो अन्य घायलों इनायत अब्बास मल्ला और जावेद बशीर को शेरे कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान सौरा में दाखिल कराया गया है।

पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के सामने फिर उठाया कश्मीर का मुद्दा

संयुक्त राष्ट्र (आरएनएस)। पाकिस्तान ने एक बार संयुक्त राष्ट्र संघ में कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघन का मामला उठाया है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र की सूचना समिति के सामने कश्मीर + के मुद्दे को उठाया तो भारत की आपत्ति भी सामने आ गई है। भारत ने कहा है कि यह मामला इन्फर्मेशन कमिटी के लिए अप्रासंगिक है। इससे पहले बुधवार कमिटी ऑन इन्फर्मेशन के सेशन को संबोधित करते हुए पाकिस्तान + के डेलिगेट मसूद अनवर ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा आरोप लगाया था कि कश्मीर के लोगों के मानवाधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। मसूद अनवर ने कहा कि, 'आज जिस दुनिया में हम रह रहे हैं, वह संघर्ष और विवादों से घिरी है, हालांकि हम आतंकवाद और चरमपंथ से लड़ने में एकजुटता बरकरार रखते हैं। इन दूषित विचारधाराओं का विरोध करना जरूरी है।'

फ्लाइट में भी कर पाएंगे व्हाट्सएप चैट और इंटरनेट सर्फिंग, मगर देने होंगे ज्यादा दाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। दूरसंचार विभाग ने अब सभी विमान यात्रियों के लिए फ्लाइट में इंटरनेट के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। इसका मतलब यह है की अब आप फ्लाइट में इंटरनेट सर्फिंग, चैट और बात भी कर पाएंगे। आने वाले 3 से 4 महीनों में सभी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कैरियर विमान यात्रियों को इंटरनेट उपलब्ध करवाने में सक्षम होंगे। दूरसंचार विभाग की अधिकारी अरुणा सुंदरराजन ने भारत में इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी के लिए हरी झंडी दिखाई है। इसका मतलब यह है की एयरलाइन्स अब विमान यात्रियों को टेलिकॉम कनेक्टिविटी और इंटरनेट उपलब्ध करवा पाएंगे। हालांकि, यह सेवा उन फ्लाइट्स में ही उपलब्ध करवाई जा सकेंगी जो 3000 मीटर या उससे अधिक की ऊंचाई पर उड़ान भरेंगी।

बैंक में डाका डालने के लिए गया जेल, परोल पर रिहा होकर फिर लूटा उसी बैंक को

शिकागो (आरएनएस)। एक शख्स को बैंक में डाका डालने के आरोप में जेल भेजा गया। परोल पर रिहा होने के एक दिन बाद ही वह शख्स फिर उसी बैंक में डाका डालने जा पहुंचा। अब इस मामले में आरोपी को 20 साल तक की सजा हो सकती है। क्राइम का यह अजीबोगरीब मामला अमेरिका के ओहियो प्रांत का है और आरोपी का नाम मार्किको लेविस है। लेविस ने परोल पर अपनी रिहाई के ठीक अगले ही दिन 12 अप्रैल को क्लीवलैंड के एक छोटे से बैंक ब्रांच पर फिर धावा बोल दिया। 40 साल का यह शख्स अब 'बल, हिंसा और धमकी' द्वारा बैंक लूटने के एक संघीय आपराधिक अभियोग का सामना कर रहा है। इसमें 20 साल तक की अधिकतम सजा हो सकती है।

ओएलएक्स पर सस्ते सामान का लालच दे लूटे 15 लाख

हथीन (आरएनएस)। ओएलएक्स पर सस्ते प्लास्टिक के दानों का लालच देकर एक बार फिर गुजरात के एक व्यापारी से गन पॉइंट पर 15 लाख रुपये लूट लिए गए। बहीन थाना पुलिस ने इस मामले में रूपनगर नाटौली गांव के इनरान उर्फ डेंजर व दो अन्य के खिलाफकेस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पलवल में ही पिछले महीने महाराष्ट्र और गुजरात के दो व्यापारियों को इसी तहर बुलाकर से 15-15 लाख रुपये फिरौती मांगी गई थी। एसएचओ कृष्णकांत ने बताया कि राजकोट, गुजरात निवासी हिमांशु भाई ने मुकदमा दर्ज कराया है कि ओएलएक्स पर सस्ता प्लास्टिक दाना उपलब्ध कराने का विज्ञापन देखकर उसने संबंधित लोगों से संपर्क किया। वह 10 अप्रैल को गुजरात से दिल्ली आया। आरोपियों ने उसे गुड़गांव बुलाया और वहां से उसे पिक कर लिया। आरोपित उसे एक गाड़ी में लेकर सस्ता प्लास्टिक दाना दिखाने के बहाने नूंह ले आए। उसके बाद उसे रूपनगर नाटौली थाना बहीन लाया गया, जहां उससे मारपीट की गई और गन पॉइंट पर 15 लाख रुपये लूट लिए।

मोदी सरकार का बड़ा कदम, वरिष्ठ नागरिकों को 10,000 रुपये पेंशन का रास्ता साफ

नई दिल्ली(आरएनएस)। वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र ने प्रधानमंत्री वय वंदन योजना (पीएमवीवीवाई) में महत्वपूर्ण बदलाव कर निवेश की सीमा बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने का फैसला किया है। केंद्र के इस कदम से वरिष्ठ नागरिकों को हर माह 10,000 रुपये पेंशन मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। साथ ही वरिष्ठ नागरिक अब 31 मार्च 2020 तक इस योजना के सदस्य बन सकेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री वय वंदन योजना में फिलहाल निवेश की सीमा प्रति परिवार 7.5 लाख रुपये है जिसे कैबिनेट ने बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने का फैसला किया है। इससे वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा का कवर बढ़ जाएगा।

मोबाइल चलाने से मां ने रोका तो बेटी ने किया सूइसाइड

चंडीगढ़ (आरएनएस)। रोजमर्रा की जिंदगी में मामूली सी बात पर तनाव में आने के बाद खुदकुशी के मामले बढ़ रहे हैं। हरियाणा के झज्जर में ऐसा ही कुछ हुआ है, जहां एक 20 वर्षीय छात्रा ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छात्रा की मां ने उसे मोबाइल चलाने से मना किया था, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई थी।

फाईल चित्र

घटना के समय घर पर छात्र मधु और उसकी मां अकेले थे। मां से कहासुनी होने के बाद छात्रा कमरे में गई और पिता करमवीर सिंह की लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। घटना की जांच कर रहे एसआई अमित कुमार ने बताया कि इस मामले में किसी और का हाथ होने की आशंका नहीं है। रिवॉल्वर छात्रा के हाथ के पास पड़ी थी और उसके हाथों में गन पाउडर लगा था।

मधु बीएससी की छात्रा थी। वह तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थी। उसके अगले सप्ताह से बीएससी फर्स्ट इयर के पेपर थे। तीन दिन पहले उसके माता-पिता ने उसे मोबाइल फोन पर किसी से बात करते देख लिया था।

मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट पर शातिरों की नजर

रांची (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट ग्रामीण आवास योजना को पदाधिकारी और बैंकों के अधिकारी पलीता लगा रहें हैं। शातिरों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों का न सिर्फ फर्जी बैंक खाता तैयार किया, बल्कि उसमें फंड ट्रांसफर कर लाखों रुपये उड़ा लिए। मामले का जुड़ाव राज्य के लातेहार जिले के बरियातु प्रखंड, गढ़वा के घुरकी और गढ़वा सदर, जबकि पलामू के मनातु, लेस्लीगंज और हेरहंज प्रखंड से है। संबंधित जिलों के 221 लाभुक इस फर्जीवाड़े के शिकार हुए हैं। आवास साफ्ट (साफ्टवेयर) के ब्लॉक लॉग इन में छेड़छाड़ कर इस तरह की गड़बड़ी की गई है। विभागीय जांच रिपोर्ट में इस मामले में प्रारंभिक तौर पर 60 से 70 लाख रुपये के गबन की जानकारी दी।

ट्रेन की टॉयलेट के पानी से चाय बनाने वाले वेंडर पर रेलवे की कड़ी कार्रवाई, देना होगा 1 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली (आरएनएस)। ट्रेन में सफर के दौरान अपनी नींद और थकान को मिटाने के लिए अकसर आपने भी रेलवे वेंटर से चाय या कॉफी ली होगी। लेकिन क्या कभी आपने चाय की शुद्धता के बारे में सोचा है यानी चाय कैसे, कहां और किस सामग्री का इस्तेमाल करके बनाई जा रही है। अगर आपने ऐसा पहले नहीं किया है तो शायद अब से करने लगेंगे। दरअसल, इन दिनों सोशल मीडिया पर रेलवे वेंडर का एक वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रेलवे वेंडर ट्रेन की टॉयलेट के पानी से चाय बनाते दिखाई पड़ रहा है। हालांकि मामला संज्ञान में आते ही रेलवे ने भी तुरंत एक्शन लिया है। वीडियो में दिखाई पड़ रहे वेंडर पर रेलवे ने एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो तेलंगाना जाने वाली ट्रेन का है। गौरतलब है कि वायरल हो रहे वीडियो में एक नीली रंग की टी-शर्ट पहने रेलवे वेंडर टॉयलेट से चाय के बर्तन लेकर बाहर निकलता दिखाई पड़ा, जिससे पता चलता है कि चाय के डिब्बे में टॉयलेट के भीतर से पानी मिलाया जा रहा था।

अमेरिका का सैन्य विमान क्रैश, 9 लोगों की मौत की आशंका

वॉशिंगटन (आरएनएस)। जॉर्जिया के सवानाह एयरपोर्ट के पास अमेरिका का एक सैन्य विमान लैंडिंग से ठीक पहले क्रैश कर गया। इस विमान में यूएस मिलिटरी के 9 लोग सवार थे। अमेरिकी अधिकारियों ने पहले 5 मौतों की पुष्टि की थी, लेकिन क्रैश की भयावहता को देखते हुए अब सभी की मौत की आशंका जताई जा रही है।

अधिकारियों के मुताबिक पुअर्टो रिको एयर नैशनल गार्ड का सी-130 हरक्यूलस कार्गो प्लेन बुधवार रात करीब 9 बजे दुर्घटना का शिकार हो गया। विडियो फुटेज में विस्फोट के बाद आग के शोले में बदले विमान को नीचे गिरते देखा गया। अधिकारियों ने पहले कहा का विमान के 5 क्रू मेंबर्स की मौत हुई है, लेकिन बाद में जानकारी हुई कि अन्य लोग भी सवार थे। पुअर्टो रिको नैशनल गार्ड के प्रवक्ता मेजर पॉल दालेन ने कहा कि विमान में 5 क्रू मेंबर्स और 4 अडिशनल पैसेंजर्स समेत कुल 9 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि 4 अन्य भी मिलिटरी के ही सदस्य थे। हालांकि दालेन ने तत्काल इन सभी मौतों की पुष्टि तो नहीं की है लेकिन उन्होंने कहा कि क्रैश की तस्वीरें ही सबकुछ बयां कर रहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भी ट्वीट कर मृतकों के परिजनों के साथ अपनी संवेदना जाहिर की है। दालेन के मुताबिक प्लेन तकरीबन 50 साल से अधिक पुराना था और मेंटनेंस के लिए जा रहा था। प्लेन को अच्छी कंडिशन में बताया जा रहा है, हालांकि इस मामले की जांच अभी जारी है।

बिना कोचिंग के आईएएस के लिए सलेक्ट होने वाले सुरेश ने वन मंत्री महेश गागड़ा से की मुलाकात, सुरेश ने यूपीएससी में 556 रैंक हासिल की

रायपुर। बिना कोचिंग के आईएएस के लिए सलेक्ट होने वाले सुरेश कुमार जगत ने आज वन मंत्री महेश गागड़ा से मुलाकात की। रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुलाकात के दौरान वन मंत्री महेश गागड़ा ने उन्हे ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी। कोरबा जिले के पाली ब्लॉक के परसदा गांव के रहने वाले सुरेश कुमार जगत ने यूपीएससी -2017 में 556 रैंक हासिल किया है। इस हिसाब से 2017 की अंतिम सूची के कुल पदों के हिसाब से इनका आईएएस चुना जाना तय है। इस सफलता पर मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा लगातार देशभर में अपना परचम लहरा रहे है। ऐसे युवाओं से मिलकर मुझे काफी खुशी हो रही है। वहीं मंत्री महेश गागड़ा ने सुरेश कुमार जगत को मिठाई खिला कर साथ में फोटो भी खिचवाईं। इस दौरान राज्य युवा आयोग के सदस्य रघुराज सिंह उइके और सुरेश का परिवार मौजूद थे।

सुरेश ने बताया कि इनकी प्राथमिक शिक्षा गांव में ही हुई है। जबकि उच्च शिक्षा बिलासपुर और रायपुर से की है। सुरेश ने 2008 में 12 वीं पास किया है। जोकि प्रदेश भर में 94 प्रतिशत के साथ पांचवे स्थान पर था। वहीं सुरेश 2012 में एनआईटी रायपुर से पास आउट है। सुरेश वर्तमान में भारतीय रेल सेवा में पदस्थ हैं। इन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता पिता अपने शिक्षकों और अपने साथियों को दिया है। इनकी सफलता से उनके शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है।

गौरतलब है कि कोरबा जिले के पाली ब्लॉक के परसदा के सुरेश कुमार जगत का यूपीएससी - 2017 में 556 रैंक हासिल किया है। पढ़ाई में शुरू से ही तेज होने के कारण बिना किसी कोचिंग के सहायता से हिंदी माध्यम से होकर भी अंग्रेजी माध्यम से परीक्षा दिलाएं और इन्होंने भूगोल विषय को चुना था। इंटरव्यू के दौरान इनसे एनटीपीसी बैंकिंग आधार कार्ड और छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या से संबंधित सवाल भी पूछे गए थे।

बता दें परसदा के रहने वाले किसान रामकुमार जगत के छोटे पुत्र है सुरेश कुमार जगत। और उनकी माता उर्मिला देवी ग्रहणी हैं। अपने माता पिता के पांच पुत्रों में सबसे छोटे सुरेश जगत का चयन चौथे प्रयास में सफलता मिली।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडेलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400